भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1167
सोमवार, 08 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विश्व यात्रा बाजार और एफटीए**

**†1167. श्रीमती बाग मितालीः**
**प्रो. सौगत रायः**
**डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हमारा देश, भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, भारतीय यात्रा उद्योग के इनबाउंड टूर ऑपरेटरों और आईआरसीटीसी सहित हितधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ विश्व यात्रा बाजार में भाग ले रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 2020 से 2025 की अवधि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन की विशेषकर पश्चिम बंगाल सहित राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल में विदेशी पर्यटकों के आने की संख्या तीसरे स्थान पर है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कोविड-19 महामारी के बाद भारत के पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन महामारी-पूर्व के स्तर से अधिक हो गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या यह सच है कि कई प्रमुख स्रोत देशों से आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की संख्या में वृद्धि देखी गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) पिछले पाँच वर्षों के दौरान एफटीए के लिए शीर्ष दस स्रोत बाजारों का ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जिससे पर्यटन क्षेत्र में विदेशी मुद्रा अर्जन और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने 4 से 6 नवंबर, 2025 तक लंदन में आयोजित वर्ल्ड ट्रैवलमार्ट (डबल्यूटीएम) 2025 में भाग लिया। मंत्रालय ने अद्वितीय अनुभव प्रदान करने वाली भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन उत्पादों की व्यापक श्रृंखला प्रदर्शित

करने के लिए इस कार्यक्रम में 30 हितधारकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भागीदारी की, जिसमें आईआरसीटीसी सहित राज्य सरकारें/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन और भारतीय यात्रा उद्योग के अंतर्गामी टूर ऑपरेटर शामिल थे।

(ग) और (घ): पिछले पाँच वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **आईटीए (लाख में)** |
|---|---|
| 2020 | 63.37 |
| 2021 | 70.10 |
| 2022 | 143.30 |
| 2023 | 188.99 |
| 2024 | 205.69 |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) का विवरण नहीं रखता है। तथापि, वर्ष 2020 से 2025 के दौरान विदेशी पर्यटक यात्राओं की कुल संख्या का पश्चिम बंगाल सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-I** में देखा जा सकता है।

(ङ) से (ज): वर्ष 2019 से 2024 तक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) और विदेशी मुद्रा आय (एफ़ईई) का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **आईटीए (लाख में)** | **भारत में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 2019 | 179.14 | 2,16,467 |
| 2020 | 63.37 | 95,738 |
| 2021 | 70.10 | 63,978 |
| 2022 | 143.30 | 1,69,917 |
| 2023 | 188.99 | 2,66,045 |
| 2024 | 205.69 | 2,93,033 # |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

#: संशोधित अनुमान

वर्ष 2020 से 2024 तक शीर्ष 10 स्रोत देशों से विदेशी पर्यटक आगमन (एफ़टीए) का विवरण **अनुबंध-II** में देखा जा सकता है।

भारत में पर्यटन क्षेत्र में वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक का रोजगार परिदृश्य निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की कुल संख्या (मिलियन में)** |
|---|---|
| 2020-21 | 68.07 |
| 2021-22 | 70.04 |
| 2022-23 | 76.17 |
| 2023-24 | 84.63 |

**स्रोत:** आवधिक श्रम बल सर्वे (पीएलएफ़एस) के आधार पर अनुमान

******

**अनुबंध-I**

श्रीमती बाग मिताली, प्रो. सौगत राय और डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा विश्व यात्रा बाजार और एफटीए के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1167 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2020 से 2024 के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफ़टीवी) निम्नानुसार हैं:**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5,412 | 1,687 | 4,461 | 9,025 | 11,497 |
| आंध्र प्रदेश | 67,591 | 27,551 | 1,65,845 | 60,426 | 2,62,431 |
| अरुणाचल प्रदेश | 961 | 182 | 1,055 | 4,496 | 4,714 |
| असम | 7,285 | 536 | 9,001 | 23,818 | 27,170 |
| बिहार | 3,08,080 | 1,046 | 86,829 | 5,46,576 | 7,36,720 |
| चंडीगढ़ | 12,218 | 5,451 | 28,439 | 31,498 | 39,058 |
| छत्तीसगढ | 2,322 | 8 | 238 | 953 | 3,485 |
| दादरा नगर हवेली और दमन और दीव | 1,604 | 185 | 1,791 | 4,048 | 2,626 |
| दिल्ली | 6,81,230 | 1,00,178 | 8,15,713 | 18,28,116 | 19,99,410 |
| गोवा | 3,02,751 | 22,128 | 1,74,799 | 4,52,692 | 4,67,911 |
| गुजरात | 2,10,047 | 11,319 | 17,77,215 | 28,06,871 | 22,74,477 |
| हरियाणा | 17,474 | 4,578 | 2,439 | 1,346 | 543 |
| हिमाचल प्रदेश | 42,665 | 4,932 | 29,333 | 62,806 | 82,765 |
| जम्मू और कश्मीर | 5,317 | 1,650 | 19,985 | 55,337 | 65,452 |
| झारखंड | 490 | 1,637 | 1,92,319 | 1,89,261 | 45,273 |
| कर्नाटक | 1,65,325 | 72,487 | 1,28,520 | 4,09,333 | 4,85,204 |
| केरल | 3,40,755 | 60,487 | 3,45,549 | 6,49,057 | 7,38,374 |
| लद्दाख | 1,126 | 1,054 | 21,259 | 36,315 | 39,704 |
| लक्षद्वीप | 413 | 4 | 125 | 755 | 898 |
| मध्य प्रदेश | 99,819 | 41,601 | 2,04,454 | 1,82,685 | 1,67,535 |
| महाराष्ट्र | 12,62,409 | 1,85,643 | 15,11,623 | 33,87,739 | 37,05,170 |
| मणिपुर | 3,139 | 648 | 3,908 | 3,668 | 2,518 |
| मेघालय | 2,311 | 411 | 7,774 | 20,023 | 23,075 |
| मिजोरम | 265 | 234 | 2,611 | 3,754 | 5,414 |
| नागालैंड | 518 | 325 | 2,923 | 4,725 | 5,623 |
| ओडिशा | 10,206 | 2,269 | 22,121 | 45,173 | 87,854 |

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** |
|---|---|---|---|---|---|
| पुदुचेरी | 92,080 | 321 | 862 | 31,214 | 17,819 |
| पंजाब | 3,59,114 | 3,08,135 | 3,29,458 | 7,41,734 | 5,41,784 |
| राजस्थान | 4,46,457 | 34,806 | 3,96,684 | 16,99,869 | 20,72,407 |
| सिक्किम | 19,935 | 11,508 | 68,645 | 93,908 | 84,820 |
| तमिलनाडु | 12,28,323 | 57,622 | 4,07,126 | 11,74,899 | 11,61,302 |
| त्रिपुरा | 31,877 | 5 | 8,493 | 66,708 | 90,824 |
| तेलंगाना | 46,694 | 5,917 | 68,401 | 1,60,912 | 1,55,313 |
| उत्तर प्रदेश | 8,90,932 | 44,737 | 6,48,986 | 16,01,503 | 22,69,067 |
| उत्तराखंड | 41,339 | 8,532 | 61,561 | 1,43,027 | 1,39,375 |
| पश्चिम बंगाल | 4,63,285 | 34,828 | 10,37,017 | 27,06,942 | 31,24,462 |
| **कुल** | **71,71,769** | **10,54,642** | **85,87,562** | **1,92,41,21** | **2,09,42,07** |

**स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग**

*******

**अनुबंध-II**

श्रीमती बाग मिताली, प्रो. सौगत राय और डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा विश्व यात्रा बाजार और एफटीए के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1167 के भाग (ङ) से (ज): के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2020 से 2024 के दौरान शीर्ष 10 स्रोत देशों से विदेशी पर्यटक आगमन (एफ़टीए):**

| क्र.सं. | देश | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | संयुक्त राज्य अमेरिका | 3,94,092 | 4,29,860 | 14,03,399 | 16,91,498 | 18,04,586 |
| **2** | बांग्लादेश | 5,49,273 | 2,40,554 | 12,77,557 | 21,19,826 | 17,50,165 |
| **3** | यूनाइटेड किंगडम | 2,91,874 | 1,64,143 | 6,41,051 | 9,20,591 | 10,22,587 |
| **4** | ऑस्ट्रेलिया | 86,758 | 33,864 | 3,76,898 | 4,56,167 | 5,18,205 |
| **5** | कनाडा | 1,22,868 | 80,437 | 2,89,259 | 3,85,938 | 4,76,273 |
| **6** | मलेशिया | 69,897 | 6,628 | 1,26,192 | 2,62,458 | 3,07,526 |
| **7** | श्रीलंका | 68,646 | 25,989 | 1,83,459 | 2,80,327 | 2,81,827 |
| **8** | जर्मनी | 72,558 | 33,772 | 1,41,425 | 2,23,575 | 2,56,348 |
| **9** | फ्रांस | 74,243 | 30,374 | 1,20,282 | 1,88,981 | 2,06,855 |
| **10** | सिंगापुर | 33,747 | 13,407 | 1,32,668 | 1,83,772 | 2,05,383 |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

*******